एक नजर में

शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्रों का नियमित वितरण

राजगढ़ 08 जुलाई,का. जिला चिकित्सालय राजगढ़ में शासन के निर्देशानुसार पिछले एक वर्ष से नवजात शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र नियमित रूप से जारी किए जा रहे हैं. अस्पताल से डिस्चार्ज होने के साथ ही नवजात शिशुओं के अभिभावकों को जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें प्रमाण पत्र के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं. प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित समय-सीमा में जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे विभिन्न शासकीय एवं आवश्यक कार्यों में सुविधा मिल रही है .सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र वितरण की व्यवस्था केवल सामान्य कार्यदिवसों तक सीमित नहीं है, बल्कि शासकीय अवकाश एवं प्रत्येक रविवार को भी नियमित रूप से यह कार्य किया जा रहा है. इससे दूर-दराज से आने वाले हितग्राहियों को अनावश्यक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती. नवजात शिशु के परिजनों को डिस्चार्ज के समय निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र मिलने से जन्म पंजीयन, आधार कार्ड बनवाने, शैक्षणिक प्रवेश तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता. जिला चिकित्सालय की यह पहल आमजन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है.

मूंग-उड़द का उपार्जन 10 अगस्त तक

राजगढ़ 08 जुलाई, का. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा बताया गया है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य 10 अगस्त तक किया जाएगा. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उपार्जन कार्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से किया जाएगा. समर्थन मूल्य पर केवल ऑनलाइन पंजीकृत वास्तविक कृषकों से उनके सत्यापित रकबे के आधार पर उपज की खरीदी की जाएगी. शासन द्वारा मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 8,768 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7,800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. उपार्जन कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा संबंधित समितियों एवं गोदामों का निर्धारण किया गया है. प्रथम चरण में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुठालिया के अंतर्गत एम.पी. डब्ल्यू.एल.सी. के स्ववित्तपोषित गोदाम क्रमांक-03, मंडी परिसर ब्यावरा को उपार्जन केंद्र एवं गोदाम के रूप में अधिसूचित किया गया है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उपार्जन कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता, सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं निर्धारित समय-सीमा में संपादित किया जाए. उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे पंजीकृत कृषकों को अपनी उपज का विक्रय सहज एवं सुगमता से करने का अवसर मिल सके.

गजट बना परेशानी, हजारों अपार आईडी अधर में

मामूली गलती पर आवेदन निरस्त, गजट के फेर में 6 माह का समय व 10 हजार तक खर्च

बुधवार को अपार आईडी की दोबारा समीक्षा हुई, अब फीडबैक यूआईडीएआई को भेजेंगे

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 जुलाई, का. बीते तीन दिनों से प्रशासन अपार आईडी को लेकर गंभीर है और समीक्षा बैठकों में लगा है. लेकिन अपार आईडी पूरे जिले में सभी विद्यार्थियों की तैयार नहीं हो पा रही है. उसका कारण अंकसूची और आधार कार्ड में नाम अलग-अलग होना. नाम बदलवाने की लंबी और खर्चीली प्रक्रिया में पालक उलझ रहे हैं और काफी समय की हानि हो रही है. इसका कारण है कि आधार कार्ड में नाम बदलवाना अब पहले जैसा आसान नहीं रहा है.

केंद्र सरकार द्वारा आधार अपडेट के नियमों में किए गए बदलाव के बाद कई मामलों में नाम परिवर्तन के लिए सरकारी राजपत्र (गजट) में नाम प्रकाशित कराना अनिवार्य हो गया है. वहीं आवेदन में मामूली तकनीकी या दस्तावेज संबंधी त्रुटि होने पर भी फॉर्म का निरस्त किए जा रहे हैं. इससे लोगों समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं. अधिकांश आवेदक अब वकीलों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया पूरी कराने को मजबूर हैं.

अंकसूची और आधार में अलग-अलग नाम, आवेदन रिजेक्ट

ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी से बात करने पर उन्होंने बताया कि आधार और अंकसूची में यदि नाम अलग-अलग है तो आधार पर सुधार कराना होगा. दस्तावेजों के अभाव में नाम परिवर्तन कराना हो, बिना वैध कानूनी आधार के पूरा सरनेम बदलना हो, विवाह के बाद केवल उपनाम नहीं, बल्कि पूरा नाम बदलना हो, यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित नाम परिवर्तन की सीमा पूरी होने के बाद दोबारा बदलाव कराना हो, धर्म परिवर्तन या न्यायालय के आदेश के आधार पर नाम बदलना हो. इसके लिए गजट नोटिफिकेश कराना बेहद जरूरी है. लेकिन विद्यार्थियों के मामले में सर्वाधिक परेशानी आती है. क्योंकि पालक सबसे ज्यादा परेशान हो रहे है. ग्रामीण अंचल के पालकों और विद्यार्थियों को सर्वाधिक परेशानी हो रही है.

7 हजार रुपए तक खर्च हो रहे पालकों के

आधार सेवा केंद्रों के जिम्मेदारों के अनुसार, गजट प्रकाशन का सरकारी शुल्क 700 से 2500 रुपए के बीच है, लेकिन शपथ पत्र, नोटरी, दो समाचार पत्रों में सार्वजनिक सूचना, दस्तावेज तैयार कराने और अन्य औपचारिकताओं का खर्च जोड़ने पर कुल राशि 5 से 10 हजार तक पहुंच रही है. वहीं पूरी प्रक्रिया पूरी होने में तीन से छह माह का समय लग रहा है.

इन मामलों में गजट की जरुरत नहीं

यदि नाम में केवल मामूली स्पेलिंग की गलती है तो सामान्य दस्तावेजों के आधार पर सुधार कराया जा सकता है. विवाह के बाद पति का उपनाम जोड़ने के लिए विवाह प्रमाण पत्र पर्याप्त है. इसके अलावा पता, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर, ई-मेल, फोटो और बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट के लिए गजट की आवश्यकता नहीं होती. ये बदलाव आधार सेवा केंद्रों पर सामान्य प्रक्रिया से किए जा सकते हैं.

बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए छूट का प्रयास कर रहे हैं

बीते दिनों यूआईडीएआई के अधिकारियों से हमने इस बारे में चर्चा की थी. उन्होंने इसके लि फीडबैक मांगा है. अनुमान के अनुसार जिले में हजारों विद्यार्थियों के प्रकरण सामने आ रहे है. आज भी समीक्षा बैठक में इस विषय को रखा गया है. हमारी कोशिश है कि आधार अपडेशन में केवल बोर्ड परीक्षार्थियों को गजट नोटिफिकेशन से राहत मिल जाए. हालांकि विशेष परिस्थितियों में नाम परिवर्तन या दस्तावेजों की कमी होने पर राजपत्र में प्रकाशन अनिवार्य है. यह केंद्र सरकार का नियम है. गजट में नाम प्रकाशित हुए बिना ऐसे मामलों में आधार में नाम परिवर्तन नहीं किया जा सकता. पहले दो बार तक परिवर्तन करा सकते थे, पर नियम बदलने से बार-बार परिवर्तन की सीमा खत्म हो गई है.

अभिषेक रघुवंशी, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस राजगढ़

नपाध्यक्ष ने दूसरी बीवी पर किया ब्लैक मेलिंग का मुकदमा दर्ज

राजगढ़ नपा अध्यक्ष बोले डेढ़ करोड़ रुपये मांग रही

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 08 जुलाई, का. नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू की शिकायत पर उनकी दूसरी पत्नी के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला बुधवार को दर्ज किया गया है.

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पत्नी लगातार डेढ़ करोड़ रुपये की मांग कर रही थीं और रकम नहीं देने पर आत्महत्या की धमकी देकर दबाव बना रही थीं. पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

डेढ़ करोड़ रुपये मांगने का आरोप

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार, पुरा मोहल्ला निवासी विनोद साहू (46) ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनकी दूसरी पत्नी किरण मांजी, जो पेशे से नर्स हैं, 8 मई से उनसे 1.5 करोड़ रुपये की मांग कर रही थीं. शिकायत में आरोप है कि रकम देने से इनकार करने पर उन्हें आत्महत्या की धमकी देकर लगातार मानसिक दबाव बनाया गया.

शिकायत के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

फरियादी के अनुसार यह घटनाक्रम अस्पताल के पास स्थित उनके मकान पर हुआ. लगातार मिल रही कथित धमकियों से परेशान होकर उन्होंने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी. शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 489/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस्) की धारा 308(4) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है.

साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी कार्रवाई

कोतवाली पुलिस का कहना है कि शिकायत में लगाए गए आरोपों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है. मामले की जांच जारी है और जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल यह मामला शिकायत और आरोपों के आधार पर दर्ज किया गया है. पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

हाट बाजार के दिन जाम से होती है भारी परेशानी

प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

नवभारत न्यूज

जीरापुर 08 जुलाई, सं. नगर के मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे वाहन चालकों सहित राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. साप्ताहिक हाट-बाजार के दिन माचलपुर नाका से लेकर इंदर चौराहा और स्वामी विवेकानंद चौराहा तक यातायात अवरुद्ध हो गया. साप्ताहिक हाट-बाजार (बुधवार) को आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों लोग खरीदारी के लिए नगर में आते हैं, जिससे जाम की स्थिति और विकट हो जाती है.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद, तहसील और पुलिस प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बाद भी इसका स्थायी समाधान नहीं निकला है. जाम के कारण मरीजों और राहगीरों को अस्पताल पहुंचने में भारी दिक्कत होती है.

लोगों का कहना है कि नगर के अंदर बनने वाले सिटी पोर्शन का निर्माण कार्य होना था जिसको लेकर नगर में चर्चा भी जोरों पर हुई थी लेकिन क्या वजह बनी जो निर्माण कार्य होना था वह अधर में लटक गया. यदि निर्माण कार्य हो जाता तो आज यह स्थिति नहीं होती.

इसके साथ ही दुकानदारों द्वारा सामान सड़क किनारे रखना और बाइक व अन्य वाहन बेतरतीब खड़े कर देने से भी यातायात अवरुद्ध हो रहा है. नागरिकों शासन प्रशासन से यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है.

वन वाटिका में भी रोपे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

राजगढ़ 08 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को अपने खिलचीपुर प्रवास के दौरान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, खिलचीपुर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, निरंतर अध्ययन, सकारात्मक सोच तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रत्येक छात्र अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल का संकल्प भी ले. उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी आधारशिला हैं. इसके उपरांत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने वन विभाग की वन वाटिका पहुंचकर भी पौधरोपण किया तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण पर विशेष बल दिया. उन्होंने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक है जब लगाए गए पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए. इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खिलचीपुर श्रीमती अंकिता जैन, तहसीलदार श्री अनिल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

अभियान के तहत पेयजल स्रोतों में कराया जा रहा क्लोरीनेशन

राजगढ़ 08 जुलाई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले के सभी पेयजल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत पेयजल स्रोतों के आसपास गंदगी न हो तथा वे प्रदूषित न हों, इसके लिए पेयजल स्रोतों में क्लोरीनेशन कराया जा रहा है. स्टॉप डायरिया अभियान 16 जून से 30 जुलाई के अंतर्गत कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशन में जिले के तीनों उपखंडों में विभागीय अमले को खंडवार कार्यपालन यंत्री हरम सिंह बामणिया एवं जिला भूजल वैज्ञानिक डॉ. रामगोपाल नागर द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपखंड कार्यालयों में पहुंचकर विकासखंडवार हैंडपंप टेक्नीशियनों की बैठक लेकर प्रत्येक हैं. डपंप तथा कुआं-बावड़ी जैसे पेयजल स्रोतों में क्लोरीनेशन कराने एवं पेयजल स्रोतों के आसपास प्रदूषण नहीं होने देने के संबंध में समीक्षा की जा रही है. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पेयजल स्रोतों को दीर्घायु बनाने के उद्देश्य से रिचार्ज पिट एवं रिचार्ज शॉफ्ट का निर्माण कराया गया है. सभी भूजल संवर्धन संरचनाओं के आसपास गंदगी न हो तथा दूषित नालियों का पानी जल संरचनाओं में नहीं पहुंचे और पेयजल स्रोत प्रदूषित न हों, इसके लिए सभी मैदानी उपयंत्रियों, विकासखंड समन्वयकों एवं हैंडपंप मैकेनिकों को बिंदुवार जानकारी दी.

नवीन सिसोदिया का सब-इंस्पेक्टर के लिए चयन

नवभारत न्यूज

पचोर 08 जुलाई, सं. भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच दौलत सिंह सिसोदिया के सुपुत्र नवीन सिसोदिया का मध्य प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के लिए अनुसूचित जाति वर्ग में पांचवी रैंक से सब इंस्पेक्टर परीक्षा के लिए चयन हुआ है. नवीन सिसोदिया की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोडिया, वरिष्ठ भाजपा नेता दामोदर सिंह लहरी, बृजेश विजयवर्गीय, राजेंद्र सिंह जाट, भगवान शिव गुर्जर, भाजपा नेता रघुराज राणा, सीताराम लहरी, बंटी छाबड़ा, पुरुषोत्तम वैष्णव, राजेंद्र पच्चीसिया, मनीष यादव, मयंक सक्सेना सहित जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने नवीन सिसोदिया की सफलता पर उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई शुभकामनाएं दी है.

सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू, वार्डवासियों को राहत

जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 08 जुलाई, का. नगर के वार्ड क्रमांक 5 और 6 में वर्षों से प्रतीक्षित सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है. राजगढ़ रोड को विवेक टाकीज मार्ग से जोड़ने वाली इस सड़क का नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह और वार्ड पार्षद विष्णु साहू ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, मोटाई और कार्य की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया. इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने आसपास के रहवासियों से भी बातचीत की और निर्माण कार्य पर उनकी राय जानी. अब सड़क बनने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी और क्षेत्र में आवाजाही सुगम होगी.नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कहा कि यह मार्ग शहर का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है. जो राजगढ़ रोड को विवेक टाकीज क्षेत्र से जोड़ता है. इस मार्ग पर कई विद्यालय, कोचिंग संस्थान और आवासीय कॉलोनियां स्थित हैं. जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और नागरिक आवागमन करते हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़क बनने के बाद यातायात सुरक्षित होगा और लोगों का समय भी बचेगा. कुशवाह ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेगी. यदि कहीं भी लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

वार्ड पार्षद विष्णु साहू ने बताया कि क्षेत्र के नागरिक लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे. अब यह कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है. उन्होंने कहा कि सड़क बनने के बाद वार्ड की कनेक्टिविटी बेहतर होगी.

विरोध प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

फीस-किताबों की लूट के खिलाफ कांग्रेस सेवादल का प्रदर्शन

फीस विनियमन अधिनियम 2017 के पालन की मांग



नवभारत न्यूज

जीरापुर 08 जुलाई, सं. नगर में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि और पुस्तक व यूनिफॉर्म के नाम पर हो रही लूट के विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया.

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले भर में संचालित प्राइवेट स्कूलों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली जा रही है. साथ ही निर्धारित दुकानों से ही महंगी किताबें एवं यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है.

सबसे गंभीर बात यह है कि एनसीआरटी द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं दरों को दरकिनार कर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें छपवाकर स्कूलों के माध्यम से अभिभावकों को खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है. जो किताबें एनसीआरटी दर पर मात्र 100-150 रुपये में उपलब्ध हो सकती हैं, उन्हें कई गुना अधिक दाम पर बेचा जा रहा है.

कांग्रेस ने इसे शिक्षा माफिया और स्कूल संचालकों की मिलीभगत बताते हुए कहा कि शिक्षा जैसे मूलभूत अधिकार का व्यवसायीकरण अब असहनीय स्तर पर पहुंच चुका है. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे. जिसमें मुख्य रूप से नगर मुख्य संगठक भगवान सिंह मालवीय, तरूण चौबे, चंदरसिंह गुर्जर, गिरीराज सिंह बना, गोकुल वर्मा, राजाराम पाटीदार, रामलाल गुर्जर कहारखेड़ा , प्रेमसिंह राजाहेड़ी, कालूराम मालवीय, आनन्द गुप्ता, श्याम किरार, बीरम सिंह सोंधिया, राधेश्याम मालवीय, महेश सेन, निरंतर टेलर वाहिद भाई सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

फतेहपुर में गिरी बिजली, स्कूल से लौट रही छात्रा बेसुध, तीन सुरक्षित

राजगढ़ 08 जुलाई, का. मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे शहर से करीब सात किलोमीटर दूर फतेहपुर गांव के समीप आकाशीय बिजली गिरने की तेज धमक से एक छात्रा की तबीयत बिगड़ गई. घबराहट के कारण वह बेसुध अर्द्धमुर्छित जैसी हो गई, जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे. जानकारी के अनुसार, फतेहपुर निवासी राधा पिता सज्जनसिंह भिलाला (14) स्कूल से अपने दो साथियों के साथ घर लौट रही थी. इसी दौरान गांव के बाहर स्थित एक मुर्गी फार्म के पास तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी. घटना के समय तीनों छात्र-छात्राएं बिजली गिरने के स्थान से करीब 200 मीटर दूर थे, जिससे वे चपेट में आने से बच गए.